हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, मंगलवार 19 मई 2026

12 शास्त्री नगर और गांगवा में सीवरेज समस्या



12 एसडीएम के साथ वार्ता विफल, ग्रामीण पाइपलाइन…



## खबर संक्षेप

### पुलिस-जनता के बीच समन्वय के लिए बैठक

**हिसार।** आमजन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने एवं अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस चौकी 12 क्वार्टर में 'पुलिस पब्लिक को-ऑर्डिनेशन कमेटी' की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक एएसपी मयंक मुदगिल के कुशल नेतृत्व में हुई। बैठक के दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, स्थानीय प्रतिनिधियों और प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस के समक्ष क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं, सुरक्षा संबंधी मुद्दों और यातायात व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव साझा किए। पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राकेश ने बैठक में उपस्थित नागरिकों को आश्वस्त किया गया कि उनके द्वारा दिए गए सभी सुझावों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### नकदी और सट्टा पर्ची के साथ एक आरोपी काबू

**हांसी।** अपराध शाखा-1 हांसी की टीम ने सरेआम सट्टा खाईवाली करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सिसाय कालीरावण निवासी सतीश के रूप में हुई है। इस बारे में पीएसआई राजेश ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि सिसाय कालीरावण निवासी सतीश, स्टेडियम के पास जोहड़ के नजदीक अवैध रूप से सट्टा खाईवाली का काम कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को काबू कर तलाशी ली तो उससे सट्टा पर्ची, बाल पैन तथा 14,700 नकद राशि बरामद की गई।

### एसपी जैन ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सिरसा रोड स्थित पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस बल में अनुशासन और शारीरिक दक्षता के महत्व पर जोर देते हुए हर मुलाजिम के टर्न-आउट (वर्दी की स्थिति) की जांच की। परेड निरीक्षण के उपरांत, पुलिस अधीक्षक ने ईआरवी, पीसीआर और राइडर स्टाफ का दौरा किया। उन्होंने वहां मौजूद तकनीकी उपकरणों की कार्यक्षमता की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पाई गई छोटी-मोटी कमियों को तुरंत प्रभाव से एमटीओ को नोट करवाया गया, ताकि उन्हें जल्द से जल्द दुरुस्त किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उन्होंने टियर गैस टीम से बातचीत की और उनकी साप्ताहिक प्रैक्टिस करवाई गई।

### विश्वकर्मा कॉलोनी में चला चेकिंग अभियान

**हिसार।** जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस लगातार सर्च अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया। इसी क्रम में ईएसआई विजय के नेतृत्व में डॉग स्क्वाड टीम व स्वेट कमांडो टीम द्वारा सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील व संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी लेते हुए लोगों से बातचीत कर नशे के खिलाफ जागरूक किया।

### महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**हिसार।** पुलिस की महिला समर्पित ने आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गैबीपुर में महिलाओं एवं युवतियों को उनके अधिकारों तथा महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान टीम ने महिलाओं को महिला अपराधों जैसे छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, स्टॉकिंग, दहेज उत्पीड़न आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन 1091 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में भी जानकारी दी गई।

## सोनिया हत्याकांड: 18 दिनों से खाक छान रही पुलिस, आरोपी अभी भी गिरफ्त से दूर

# हत्यारोपी की गिरफ्तारी न होने पर विरोध प्रदर्शन पुलिस ने घोषित किया 50 हजार रुपये का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के सेक्टर 13 में निजी स्कूल की शिक्षिका की हत्या मामले में पुलिस अभी तक मुख्य आरोपी को नहीं पकड़ पाई, जिससे शहर के नागरिकों में रोष बढ़ता जा रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पिछले 18 दिनों से इधर-उधर खाक छान रही है लेकिन आरोपी लगातार चकमा देकर गायब हो रहा है। हत्यारोपी की गिरफ्तारी न होने के रोषस्वरूप विभिन्न संगठनों ने सोमवार को प्रदर्शन करके पुलिस पर कथित लापरवाही के आरोप जड़े और चेतावनी दी कि यदि आरोपी नहीं पकड़ा गया तो हर बाजार में रोष प्रदर्शन किए जाएंगे। इससे पहले भी शहरवासी कैंडल मार्च निकालकर व धरना देकर अपना विरोध दर्ज करवा चुके हैं। इसी बीच संगठनों के दबाव में पुलिस प्रशासन ने आरोपी सौरभ आनंद पर 50 हजार का इनाम घोषित किया है। शहर के सेक्टर 13 में निजी स्कूल की शिक्षिका सोनिया की उसके पति ने ही एक मई को निर्ममता से हत्या कर दी थी और फरार हो गया था। शुरू में पुलिस इसे सामान्य हत्या का मामला मानकर चल रही थी और उम्मीद थी कि आरोपी शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा लेकिन 18 दिन बाद तक भी पुलिस इधर से उधर खाक छानती फिर रही है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों आरोपी की लोकेशन भी दिल्ली की मिली लेकिन जब तक पुलिस पहुंची, तब आरोपी लोकेशन वाले स्थान से गायब हो गया। पुलिस ने आशंका जताई है कि आरोपी सौरभ आनंद दिल्ली या हरिद्वार में छिपा हो सकता है।




हिसार। सोनिया हत्याकांड के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते व्यापारी व अन्य संगठनों के पदाधिकारी।

### पुलिस की विफलता

सोनिया के हत्यारोपी उसके पति की गिरफ्तार न होने के रोषस्वरूप विभिन्न संगठनों ने ऑटो मार्केट में बैठक की और बाद में प्रदर्शन करके आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग व एवं पूर्व मेयर गौतम सरदाना ने चेताया कि यदि शीघ्र ही आरोपी नहीं पकड़ा गया तो शहर के अन्य क्षेत्रों में भी पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। उनका कहना है कि हत्या के 18 दिनों तक भी सोनिया के आरोपी को गिरफ्तार ना कर पाना पुलिस प्रशासन व सरकार की विफलता है। इस कारण प्रदेश की जनता में सरकार व पुलिस प्रशासन के प्रति बड़ा भारी रोष है। पुलिस प्रशासन को तुरंत प्रभाव से सोनिया के हत्यारोपी को गिरफ्तार करना चाहिए।

### काले बैनर ले जताया रोष

ऑटो मार्केट में एकत्रित व्यापारियों व अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने हत्यारोपी की गिरफ्तारी न होने पर रोष जताया। उनका कहना था कि आरोपी को जमीन निगल गई या आसमान खा गया कि उसका कहीं पता नहीं चल पा रहा है। व्यापारिक संगठनों ने दिनोंदिन बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर भी रोष जताया। संगठनों ने कहा कि आए दिन छोटे छोटे मामले में आरोपियों को पकड़कर अपनी पीठ थपथपाने वाली पुलिस यहां पर विफल क्यों हो रही है, यह समझ से परे है।बैठक के बाद विभिन्न संगठनों ने काले बैनर लगाकर ऑटो मार्केट में प्रदर्शन किया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने ऐलान किया कि इसी तरह शहर के सभी बाजारों में काले बैनर लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### ये हुए शामिल

इस अवसर पर पूर्व मेयर गौतम सरदाना, श्री बाबा विश्वकर्मा सभा प्रधान रमेश वत्स, स्पेयर पार्ट एसोसिएशन प्रधान कुल प्रकाश गोयल, पूर्व पार्षद पंकज दीवान, सब्जी मंडी एसोसिएशन से विशंभर कथूरिया, सचिव हंसराज नारंग, उप प्रधान बलदेव ग्रोवर, सचिन राजपाल, सुरेश राजगढ़िया, राजगुरु मार्केट एसोसिएशन सचिव टीनू आहूजा, शिवालय मंदिर प्रबंधक ओम प्रकाश असीजा, कोषाध्यक्ष सुभाष कटारिया, पुरानी मंडी प्रधान सीताराम सिंगला, संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, प्रमुख समाजसेवी कपिल ठेकेदार, शिव वर्मा घड़ी वाला, गोपाल बंसल, पवन बंसल आदि प्रतिनिधियों भारी संख्या में भाग लिया।

### दिल्ली या हरिद्वार क्षेत्र में छिपा हो सकता है आरोपी

हत्या के 18 दिन बाद तक भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने व जनता में बढ़ते रोष को देखते हुए पुलिस पर भी दबाव बढ़ने लगा है। इसी के चलते जिला पुलिस ने हत्यारोपी सौरभ आनंद पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस का कहना है जो भी व्यक्ति इस आरोपी को गिरफ्तार करवाने या इसके ठिकाने के बारे में सटीक जानकारी देगा, उसे यह इनामी राशि प्रदान की जाएगी। पुलिस के अनुसार वारदात के बाद से ही आरोपी लगातार फरार चल रहा है और पुलिस इसकी गहनता से तलाश कर रही है। पुलिस जांच और इनपुट के अनुसार, आरोपी के वर्तमान में दिल्ली अथवा हरिद्वार क्षेत्र में छिपे होने की प्रबल संभावना है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस आरोपी के संबंध में कोई भी सुराग या जानकारी मिले तो सिविल लाइन थाना या जिला पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम, पता और पहचान पूरी तरह से गुप्त और गोपनीय रखी जाएगी। आरोपी को पकड़वाने में मदद करने वाले को पुलिस अधीक्षक के विवेकानुसार 50 हजार का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## शादी का झांसा दे दुष्कर्म करने का आरोपी दबोचा

**हिसार।** शहर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सुरेन्द्र के रूप में हुई है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शहर थाना जांच अधिकारी राकेश कुमारी ने बताया कि इस संबंध में पीड़िता ने शहर थाना में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार करीब पांच महीने पहले अपने मामा के घर कोटली जाने के दौरान उसकी मुलाकात सुरेंद्र से हुई थी। आरोपी सुरेंद्र ने दोस्ती और प्यार का नाटक करते हुए पीड़िता का मोबाइल नंबर लिया और लगातार शादी करने का वादा करता रहा। शिकायत के मुताबिक गत अप्रैल माह में आरोपी ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर हिसार बस स्टेंड के पास स्थित होटल में बुलाया और वहां शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद जब पीड़िता और उसके परिजनों ने शादी का दबाव बनाया तो पहले आरोपी के परिवार ने हामी भरते हुए विवाह की तारीख तय कर दी, जिसके कार्ड भी छप चुके थे परंतु तय तारीख को आरोपी और उसके परिजनों ने शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# बडाला गोलीकांड में अब दूसरे पक्ष के कश्मीर समेत 8 लोगों पर भी केस दर्ज

## पुलिस ने फौजी को गिरफ्तार कर दो दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

क्षेत्र के बडाला गांव में गत मंगलवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में फायरिंग मामले में पुलिस ने आरोपित फौजी विकास उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के कश्मीर सहित आठ युवकों पर भी विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच करने में जुटी हुई हैं।

बता दें कि गांव बडाला में 12 मई को साढ़े 18 एकड़ जमीन को लेकर को दो पक्षों में झगड़ा हो गया था। गांव बडाला निवासी फौजी विकास उर्फ विक्की ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से गोलियां चलाकर तेजवीर, पवन और आदित्य को घायल कर दिया था और उसके बाद खुद के पैर में भी गोली मार ली थी। इसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने उसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया था। रविवार को अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद विकास उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश करके दो दिन पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान वारदात में प्रयोग की गई चीज और जो आरोपित फरार हैं, उनके ठिकानों के बारे में पूछताछ की जाएगी। नारनौंद सीआईए जांच अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि फौजी विकास उर्फ विक्की को कोर्ट में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वही दूसरे पक्ष के जगदीश के बयान पर कश्मीर सहित आठ अन्य युवकों पर भी मामला दर्ज किया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### दोनों तरफ से हुई थी फायरिंग

शुरुआती तौर पर मामला एक तरफा लग रहा था कि सिर्फ फौजी की तरफ से ही फायरिंग की गई है लेकिन पुलिस ने फौजी पक्ष के जगदीश के बयान पर कश्मीर सहित आठ अन्य युवकों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों तरफ से फायरिंग की गई थी। पुलिस इस मामले में एक-एक कड़ी जोड़ने में लगी हुई हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों तरफ से गत मंगलवार को फायरिंग की गई थी। फौजी के घर पर भी काफी गोलियों के निशान आज भी घटना को बयां कर रहे हैं।

# पुलिस पार्टी को ट्रैक्टर से कुचलने के प्रयास में 4 लोग गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे

## गोरछी में ईंट भट्ठे पर बंधक मजूदर को छुड़ाने पहुंची थी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बालसमंद चौकी पुलिस ने गोरछी गांव में ईंट भट्ठे पर पुलिस कर्मचारियों पर हमला करने, उन्हें चोट पहुंचाने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और ट्रैक्टर चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राजस्थान के चुरू जिले के इंदासर निवासी छोटू, मंगल, संजय व उनके पिता सुभाष चंद्र के रूप में हुई है। वारदात में इस्तेमाल किया गया स्वराज 744 ट्रैक्टर भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

पुलिस जांच अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में गत 16 मई की रात्रि करीब आठ बजे बालसमंद पुलिस चौकी में तैनात एएसआई प्रदीप कुमार को गोरछी गांव स्थित पूनिया ईंट भट्ठा के मालिक सुरेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि भट्ठे पर काम करने वाले एक मजदूर रजनीश को अन्य मजदूरों ने बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की है। सूचना मिलते ही एएसआई प्रदीप कुमार व उनकी टीम के साथ पीसीआर 12 लेकर मौके पर पहुंचे। जब पुलिस टीम घायल मजदूर रजनीश को छुड़ाने के लिए झुग्गी के पास पहुंची, तो वहां मौजूद मजदूरों और एक महिला ने रास्ता रोक लिया। पुलिस द्वारा समझाने का प्रयास करने पर आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर पत्थरों से हमला कर दिया। महिला ने डंडे से हमला किया, जिसमें होमगार्ड कुलदीप के मुंह पर गंभीर चोट आई और उनका मोबाइल फोन भी टूट गया। इसके अलावा एसपीओ जगदीश और ईएचसी विकास को भी चोटें आईं। जब पुलिस टीम ने स्थिति को संभालते हुए दो मजदूरों को काबू किया और पीसीआर गाड़ी की तरफ ले जाने लगे तो आरोपी मंगल ने वहां खड़े नीले रंग के स्वराज 744 ट्रैक्टर को स्टार्ट कर पुलिस कर्मियों के पीछे लगा दिया। आरोपी ने पुलिस टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाने और उन्हें कुचलने का प्रयास किया, जिसके कारण काबू किए गए दोनों मजदूर पुलिस की गिरफ्त से छूटकर भाग गए।

### पुलिस ने दर्ज किया केस

पुलिस ने इस संबंध में सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने, जानलेवा हमला करने और पुलिसकर्मियों को घायल करने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने मुख्य आरोपियों छोटू, मंगल, संजय और सुभाष चंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# लिंक रोड के लिए ₹2.07 करोड़ जारी

- सातरोड कलां साउथ बाइपास से लाडवा-सातरोड खुर्द रोड तक बनेगा लिंक रोड

**हिसार।** प्रदेश सरकार द्वारा सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सतरोड कलां साउथ बाइपास से लाडवा-सतरोड खुर्द रोड (गंगवा रोड) तक लिंक रोड निर्माण परियोजना के लिए 2 करोड़ 7 लाख 14 हजार रुपए की राशि जारी की गई है। लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने इस लिंक रोड के निर्माण के लिए जल सेवाएं मंडल हिसार के कार्यकारी अभियंता को हिदायत दी है कि इस रोड का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए, ताकि आमजन को सुविधा मिल सके। इस लिंक रोड के निर्माण से किसानों को मंडियों में फसल ले जाने मे सुविधा होगी।

इस संबंध में कार्यकारी अभियंता कृषि विपणन बोर्ड हिसार द्वारा हिसार वॉटर सर्विसेज डिवीजन को पत्र जारी कर सडक़ निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 7 लाख 14 हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट दे दिया गया है। संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए।

## बड़सी के पास ट्रेन के आगे कूदकर बुजुर्ग ने दी जान

**हांसी।** हांसी-रोहतक रेलवे लाइन पर बड़सी गांव के समीप रविवार देर रात एक बुजुर्ग व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई और शव पूरी रात रेलवे ट्रैक के पास पड़ा रहा। जानकारी के अनुसार ट्रेन चालक ने ट्रैक पर शव देखकर मामले की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने मामले की जानकारी जीआरपी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां पुलिस ने परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान ढाणा खुर्द गांव निवासी 57 वर्षीय धर्मवीर के रूप में हुई। परिजनों से मिली जानकारी अनुसार मृतक धर्मवीर खेतीबाड़ी करता था। उसके परिवार में पांच बेटियां और एक बेटा है।

# 673 वाहन जांचे, 134 के काटे चालान

**हांसी।** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से हांसी पुलिस ने रविवार रात विशेष रात्रि चेकिंग अभियान चलाया। देर रात तक चले इस अभियान में पुलिस की टीमें शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पूरी तरह सक्रिय नजर आईं।

अभियान के दौरान पीसीआर, ईआरवी, राइडर और थाना पुलिस की टीमों को अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया गया। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, संवेदनशील इलाकों तथा जिले के प्रवेश और निकास मार्गों पर सघन नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखते हुए कुल 673 वाहनों की चेकिंग की। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 134 वाहन चालकों के चालान किए गए। जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट के 8, ओवरस्पीड के 9, नो पार्किंग के 3 और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन इस्तेमाल करने के 2 मामलों सहित 134 वाहनों के चालान किए गए।




**गर्मी के तेवर तल्ख** सरदूलगढ़ नाके पर एएसआई की मौत होने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट, दोपहर में नाकाबंदी बंद

# पारा@44.4°, अब 45 पार के पुलिस जवानों की नाकों पर ड्यूटी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मई के दूसरे पखवाड़े की शुरुआत चिलचिलाती गर्मी के साथ हो चुकी है। पिछले तीन दिनों से तापमान तेजी से बढ़ रहा है। लोगों को लू के थपेड़ों से दो-चार होना पड़ रहा है। सोमवार को हिसार का अधिकतम पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच गया। शहर का अधिकतम पारा 44.4 व 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, 25 मई से शुरू होने वाले नौपता से पहले ही प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में नौतपा की परिस्थितियां बने रहने के आसार को देखते भारतीय मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में येलो अलर्ट जारी कर दिया है। वर्तमान परिदृश्य में हरियाणा के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 42 से 46.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में सर्वाधिक अधिकतम तापमान सिरसा में 46.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जबकि रोहतक 45.2 डिग्री सेल्सियस और हिसार, नारनौल, भिवानी के दिन के तापमान 44.0 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। कुछ स्थानों पर हीट वेव की स्थिति देखने को मिल रही है।



### पुलिस कर्मियों को भी साप्ताहिक अवकाश

फतेहाबाद के सरदूलगढ़ नाके पर ड्यूटी के दौरान एएसआई जगदीश चंद्र की भीषण गर्मी में चक्कर खाकर गिरने और मौत होने की दुखद घटना के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इस हृदयविदारक हादसे से सबक लेते हुए हिसार रेंज के एडीजीपी के.के. राव ने पुलिस कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एडवाइजरी जारी की है। एडीजीपी ने साफ किया है कि पुलिस परिवार के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचना बेहद जरूरी है। एडीजीपी ने रेंज के सभी जिलों हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, हांसी, जींद और डबवाली के एसपी को लिखित आदेश जारी कर 45 साल से अधिक उम्र के पुलिसकर्मियों को नाकाबंदी और ट्रैफिक चौक की भारी ड्यूटी से दूर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्हें अब थाना या चौकी स्तर पर अन्य हल्की जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। इसके साथ ही, तेज गर्मी को देखते हुए पुलिस पर से अतिरिक्त दबाव कम करने के लिए नए नियम लागू किए गए हैं। इसके तहत किसी भी नाकेबंदी के दौरान 3 घंटे से ज्यादा समय तक नाका नहीं लगाया जाएगा। यदि कोई विशेष खुफिया सूचना या आपातकालीन घटना नहीं है, तो सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक नाके पूरी तरह हटाए जा सकते हैं। इसके अलावा चाहे कर्मचारी यातायात में हो या किसी अन्य यूनिट में, सभी को साप्ताहिक अवकाश देना सुनिश्चित करना होगा।

### एक सप्ताह हीट वेव से राहत नहीं

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि आने वाले दिनों में हरियाणा के अधिकांश भागों में तापमान में और अधिक उछाल देखने को मिलेगा। आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने व हरियाणा के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में हीट वेव अपने तेवरों को प्रचंड बनाएंगी। राज्य के पश्चिमी, और दक्षिणी हिस्सों में 4-5 दिन तेज गति से धूलभरी सतही हवाएं 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की प्रबल संभावना है।

### ठंडे पानी, लाइट व कूलर की व्यवस्था अनिवार्य

एडीजीपी ने थाना, चौकी, पुलिस लाइन और चेक पोस्टों पर अगले 3 दिन के भीतर मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए हैं। इसके तहत नाका, चेक पोस्ट और ट्रैफिक बूथों पर तैनात कर्मियों के लिए छाया, ठंडे पानी, लाइट और कूलर की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। टॉयलेट-बाथरूम की स्थिति सुधारने तथा खराब उपकरणों को तुरंत बदलने या मरम्मत कराने को कहा गया है। एडीजीपी ने चेतावनी दी है कि 3 दिन की समय अवधि पूरी होने के बाद हिसार रेंज कार्यालय की विशेष टीम अचानक किसी भी जिले के थाना, चौकी या पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण करेगी। यदि कहीं भी खामियां या बदइंतजामी पाई गई, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## फोन चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के एटा निवासी राधेश्याम के रूप में हुई है। ढांड निवासी अभिषेक की शिकायत के अनुसार वह मुकलान स्थित एवर ग्रीन सीड्स कंपनी के गोदाम में मुनीम के तौर पर काम करता है। शिकायत के अनुसार गत 15 मई को उसका ममेरा भाई शिवचरण उसके पास आया हुआ था। दोनों रात को खाना खाकर गोदाम के ऑफिस में सो गए थे। सुबह उठने पर अभिषेक का ऑनलाइन खरीदा हुआ एप्पल आईफोन-07 गायब मिला। जब गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, तो पाया गया कि गोदाम में ही काम करने वाले कर्मचारी राधेश्याम और उसके भाई मंझेस ने रात को मौका पाकर मोबाइल फोन चोरी किया और फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी राधेश्याम को काबू कर लिया है जबकि दूसरे की तलाश जारी है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक, मंगलवार
19 मई 2026



आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपने आपको साबित कर रही हैं, अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन अभी भी कुछ ऐसे डर हैं, जो उन्हें आगे बढ़ने से रोकते हैं, उनके मानसिक स्वास्थ्य, करियर और व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करते हैं। यह एक चिंताजनक स्थिति है। महिलाएं किसी प्रकार के डर को कैसे काबू में रखें, इनसे कैसे उबरें, जानिए।

## डर के आगे जीत है
## महिलाएं अपने डर पर कैसे पाएं काबू

कवर स्टोरी

ललिता गोयल

एक महिला के रूप में हम जानते और समझते हैं कि तब कैसा महसूस होता है, जब आपकी हथेलियां पसीने से भीग जाती हैं, आपका दिल तेजी से धड़कने लगता है, एक डर महसूस करती हैं और तब आप बस यही सोचती हैं कि इससे कैसे बचा जाए? वहां से भाग लिया जाए या रुक कर स्थिति से लड़ा जाए? कुछ ऐसे डर जो महिलाओं को पीछे हटने और खुद को एक दायरे में सीमित कर लेने के लिए मजबूर करते हैं, इनको समझना जरूरी है।

### अपने डर को पहचानें

महिलाएं प्रायः जिन डरों से घिरती हैं, इनसे छुटकारा पाने के तरीकों को जानने से पहले यह जानना-पहचानना जरूरी है कि कौन से डर हैं, जिनका अधिकांश महिलाएं अपने जीवन में सामना करती हैं।

**अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलने का डर:** यह वह स्थिति होती है, जब महिलाएं कुछ नया करने से डरती हैं, क्योंकि उन्हें असफलता का भय होता है, उन्हें लगता है कि अगर वे असफल हो गईं तो घर-परिवार के सदस्य उनका मजाक बनाएंगे। इसलिए वे कंफर्ट जोन में बनी रहती हैं, अपने विकास के रास्ते बंद कर लेती हैं।



**अस्वीकृति का भय:** यह वह स्थिति होती है, जब महिलाओं को लगता है कि वे जो करना चाहती हैं, उसके लिए उन्हें परिवार से स्वीकृति नहीं मिलेगी। इस 'नहीं' को सुनने के डर से वे कुछ भी करने से पीछे हट जाती हैं। महिलाएं सफलता पाने की तुलना में अस्वीकृति की संभावना को लेकर अधिक चिंतित रहती हैं।

**गलत साबित होने का डर:** यह वह स्थिति है, जब आत्मविश्वास की कमी के कारण महिलाएं खुद को अनभिज्ञ या अज्ञानी नहीं दिखाना चाहतीं और वे शिक्षित, अनुभवी होने के बावजूद खुद पर भरोसा करने से इनकार कर देती हैं, अपनी राय व्यक्त करने या अपने ज्ञान और अनुभव को शेयर करने से इनकार कर देती हैं।

**उपहास उड़ाए जाने का डर:** यह वह स्थिति है, जब आप इस बात से डरती हैं कि लोग आपके बारे में क्या कहेंगे, उपहास उड़ाएंगे, मूर्ख कहेंगे, आपको समाज द्वारा जज किए जाने का डर होता है। यह डर महिलाओं को अपनी बात खुलकर रखने से रोकता है। भले ही वे जानती हैं कि वे सही हैं।

**शारीरिक इमेज का डर:** कुछ महिलाएं अपनी शारीरिक बनावट को लेकर भी असुरक्षित महसूस करती हैं। कुछ को हीनता का बोध भी हो सकता है। उनके लिए डर का सामना करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।



### डर से कैसे उबरें

सवाल यह है महिलाएं किसी प्रकार के डर से कैसे उबरें? यहां बता रहे हैं ऐसे कुछ आसान तरीके, जो रोजमर्रा के डर और घबराहट से लड़ने में मदद करेंगे।

**सपोर्ट सिस्टम बनाएं:** ऐसे दोस्तों या परिवार के सदस्यों का नेटवर्क रखें, जिन पर आप भरोसा कर सकें। इससे डर कम होता है। अपने डर के बारे में किसी दोस्त, परिवार वाले या हेल्पलाइन से बात करें। अपनी बात शेयर करने से मन का बोझ हल्का होता है और डर छोटा लगने लगता है।

**खुद से पूछें:** खुद से पूछिए सबसे बुरा क्या हो सकता है? जब आप सबसे बुरी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हो जाती हैं, तो डर छोटा लगने लगता है।

**आत्म-विश्वास और मानसिक मजबूती बढ़ाएं:** जब भी डर लगे, अपनी पिछली सफलताओं और उपलब्धियों को याद करें। इससे आपको याद आएगा कि आप चुनौतियों से निपटने में सक्षम हैं।

**थोड़ा ब्रेक लें:** जब आप डरी हुए होती हैं, तो साफ-साफ सोचना मुश्किल होता है। ऐसे में खुद को शांत करने के लिए थोड़ा समय निकालें। 15 मिनट के लिए उस जगह से हट जाएं, कहीं टहलने चली जाएं, चाय पिएं या कोई मजेदार वीडियो देखें।

**गहरी सांस से दूर होगी घबराहट:** अगर डर की वजह से अचानक आपके दिल की धड़कन तेज हो जाए या आपकी हथेलियों में पसीना आने लगे, तो एक पल वहीं रुकें और उस अहसास को महसूस करें। पेट पर हाथ रखें और गहरी सांस लें। इससे आपका दिमाग घबराहट को झेलने को तैयार हो जाएगा।

**कंफर्ट जोन से बाहर निकलें:** जिस चीज से डर लगता है, उसका थोड़ा-थोड़ा सामना करें। अगर बोलने से डर लगता है, तो छोटे ग्रुप्स में बोलना शुरू करें। यह एक्सपोजर थैरेपी की तरह काम करता है।

**डर का सामना करें:** डर से दूर भागने से वह और बढ़ता है। धीरे-धीरे उस चीज के संपर्क में आएं, जिससे आप डरती हैं। जैसे अगर आपको लिफ्ट या एस्केलेटर में जाने से डर लगता है, तो बार-बार इसे यूज करें। धीरे-धीरे आपका डर कम होने लगेगा।

**शारीरिक लक्षणों को समझें:** घबराहट में तेज धड़कन या सांस फूलना सामान्य है। यह शरीर का खुद को तैयार करने का एक तरीका है। यह समझें कि ये लक्षण खतरनाक नहीं हैं और थोड़ी देर में ठीक हो जाएंगे।

**नेगेटिव सोच से दूरी:** अपने आपसे तर्कपूर्ण सवाल पूछें। जैसे क्या वाकई लिफ्ट गिर जाएगी? या क्या सच में यहां कोई खतरा है? हकीकत को जानकर आप डर को कम कर सकती हैं।

**परफेक्ट बनने की कोशिश न करें:** यह सोचना छोड़ दें कि आपको हमेशा शांत रहना चाहिए या जिंदगी हमेशा अच्छी होनी चाहिए। जिंदगी थोड़ी उथल-पुथल भरी हो सकती है और यह बिल्कुल सामान्य है। खुद के साथ ज्यादा सख्ती न बरतें। एक अच्छी जगह की कल्पना करें। अपनी आंखें बंद करें और किसी ऐसी जगह या याद के बारे में सोचें, जहां आप सुरक्षित और खुश महसूस करती हैं, जैसे कोई समुद्र तट या बचपन की कोई खुशनुमा याद। लोग क्या कहेंगे की परवाह न करें। अपने विचारों को स्पष्टता से व्यक्त करें और निर्णय लेने में निडर बनें। लोग क्या कहेंगे की परवाह किए बिना अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें और छोटे-छोटे कदम उठाकर नए प्रयोग करें।

**अपनी सेहत का ख्याल रखें:** अच्छा खाना खाएं और एक्टिव रहें। शराब या नशीली चीजों से दूर रहें, क्योंकि ये घबराहट को और ज्यादा बढ़ा देती हैं। अच्छी नींद और सेहतमंद जीवनशैली मन को मजबूत बनाती है।

**खुद को शाबाशी दें:** जब भी आप अपने डर के बावजूद कुछ हासिल करें, तो खुद को कोई छोटा-सा तोहफा दें। जैसे- अपनी पसंद का खाना खाएं, कोई किताब खरीदें या कोई फिल्म देखें।

**जरूरी सलाह:** अगर आपका डर आपकी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत ज्यादा रुकावट डाल रहा है, तो डॉक्टर या विशेषज्ञ से सलाह लेने में संकोच न करें।

**(लाइफ कोच डॉ. सुजाता से बातचीत पर आधारित)**

## जीवनसाथी से ऐसे बनाए रखें प्यार

दांपत्य जीवन में मिठास बनी रहे, इसके लिए जरूरी है पति-पत्नी के बीच हमेशा संवाद बना रहे। संवाद की निरंतरता दंपति को आपस में जोड़े रखती है, इससे रिश्ते गहरे बने रहते हैं। दांपत्य जीवन में हमेशा प्यार कैसे बना रहे, जानिए।

दांपत्य

स्नेहा सिंह



हम अकसर घर से ऑफिस के लिए निकलते समय अपने जीवनसाथी से बस यही कहते हैं, 'आने में देर हो जाएगी।', 'फोन करके परेशान मत करना।' या जीवनसाथी के कोई बात पूछने पर चिढ़ कर बोल देते हैं, 'बाद में बात करते हैं।' लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि घर से निकलते समय ऐसा रूखा व्यवहार जीवन साथी को कितना कचोटता होगा? आखिर हम घर से निकलते समय अपने जीवन साथी से प्यार के दो बोल क्यों नहीं बोल सकते, क्यों नहीं एक मुस्कराहट के साथ अपनी विदाई ले सकते हैं? दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहे, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है-

**रिश्तों में हों मीठे संवाद:** पति-पत्नी का रिश्ता केवल साथ रहने का नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का रिश्ता भी होता है। इस रिश्ते की नींव मीठे संवाद पर टिकी होती है। जब दो लोग अपने मन की बातें खुलकर मधुरता के साथ करते हैं, एक-दूसरे की परेशानियां और छोटे-छोटे अनुभव साझा करते हैं, तब संबंध गहरे होते जाते हैं। लेकिन आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में दांपत्य जीवन में संवाद कम होता जा रहा है। लोग घंटों मोबाइल के साथ तो बिताते है, पर जीवनसाथी के साथ कुछ पल बैठकर बात नहीं करते। इसके अभाव में धीरे-धीरे दांपत्य रिश्तों में दूरी आ जाती है। कई बार पति-पत्नी एक ही घर में रहते हुए भी मानसिक रूप से बहुत दूर हो जाते हैं। वे केवल जिम्मेदारियां निभाते हैं, लेकिन भावनाओं को व्यक्त नहीं करते। ऐसे में रिश्ते बोझ लगने लगते हैं।



**छोटी-छोटी बातें भी रखती हैं मायने:** रिश्तों को मजबूत बनाए रखने के लिए हमेशा बड़े अवसरों या महंगे उपहारों की जरूरत नहीं होती। कभी-कभी छोटी-छोटी बातें भी बहुत बड़ा असर छोड़ जाती हैं। सुबह घर से निकलते समय एक प्यारी सी मुस्कान, 'अपना ध्यान रखना' जैसा वाक्य या अचानक किया गया एक फोन कॉल या फिर शाम को साथ बैठकर एक कप चाय पी लेना, ये सब बातें रिश्तों में गर्माहट बनाए रखती हैं।

**नाराजगी को कभी लंबा न खींचें:** रिश्तों में मतभेद होना स्वाभाविक है। पति-पत्नी के बीच बहस, गुस्सा और शिकायतें पैदा होती रहती हैं। लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब लोग अहं में आकर बात करना बंद कर देते हैं। कई बार लोग लंबी चुप्पी साधे रहते हैं। कोई बातचीत के लिए पहल नहीं करना चाहता। दोनों अपने-अपने दिल में शिकायतें जमा किए रहते हैं। झगड़े के बाद भी लंबे समय तक चुप्पी सही नहीं है। जल्दी संवाद शुरू हो जाना चाहिए।

**समय देना सबसे बड़ा उपहार:** आज लोग अपने करियर, सोशल मीडिया और बाहरी दुनिया में बिजी रहते हैं, रिश्तों के लिए समय ही नहीं निकालते। लेकिन सच्चाई यह है कि किसी भी रिश्ते को जीवित रखने के लिए समय देना बहुत जरूरी है। जीवनसाथी को केवल आर्थिक सुविधाएं ही नहीं चाहिए होतीं, भावनात्मक साथ भी चाहिए होता है। कभी साथ टहलना, साथ खाना, बिना मोबाइल के बैठकर बातें करना, ये सब रिश्तों को जीवंत बनाए रखते हैं। यदि हम अपने सबसे करीबी व्यक्ति के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं, तो यह हमारे रिश्ते के लिए खतरे की घंटी है।

**सीखें प्रेम को व्यक्त करना:** बहुत से लोग अपने मन की भावनाएं व्यक्त नहीं कर पाते। वे प्रेम करते हैं, लेकिन जताते नहीं, जबकि रिश्तों में भावनाओं का खुलकर व्यक्त करना बहुत जरूरी है। कभी-कभी जीवनसाथी की तारीफ करना, उसकी मेहनत को सराहना या बस यह कहना कि 'तुम मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण हो।' रिश्तों में नई ऊर्जा भर देता है। जीवन अनिश्चित है। हमें नहीं पता अगला पल कैसा होगा। इसलिए अपने जीवन साथी को यह अहसास कराते रहना चाहिए कि वे हमारे लिए कितने खास हैं। रिश्ते केवल साथ रहने से नहीं प्रेम, सम्मान, संवाद और समय देने से गहरे होते हैं।

बच्चे और आप

शिखर चंद जैन

इन दिनों बच्चों की समर वैकेशन चल रही हैं। स्कूल जाना नहीं है, इसलिए बच्चों के पास काफी समय है। समर वैकेशन में बच्चे क्या खास कर सकते हैं, कैसे अपने समय का सदुपयोग करें, पैरेंट्स के लिए बहुत ही उपयोगी सलाह।

## यूं ही न बीत जाएं बच्चों की समर वैकेशन

गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं। बच्चों के लिए मौज-मस्ती और धमाचौकड़ी का अच्छा मौका है। एक सी रुटीन लाइफ के बाद थोड़ा-सा वक्त कुछ अलग तरह से बीतना भी चाहिए। लेकिन ये लंबी छुट्टियां सिर्फ वक्त की बर्बादी साबित न हों, इसका ध्यान रखना जरूरी है। मजे-मजे में बच्चों को कुछ नई स्किल्स भी सिखा दें, ये जिंदगी भर उनके काम आएंगी।

**म्यूजिक सिखाएं:** म्यूजिक सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, इससे मानसिक विकास भी होता है। कुछ अध्ययनों की मानें तो म्यूजिक सीखने वाले बच्चों की लर्निंग कैपेसिटी और गणित का ज्ञान दूसरों की तुलना में अधिक हो सकता है। इसलिए अपने बच्चे को म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट जैसे वाइलिन, पियानो, हारमोनियम या गिटार बजाना सिखाएं। यह स्किल उसके लिए काफी फायदेमंद साबित होगी।

**सिखाएं कुकिंग की एबीसीडी:** कुकिंग एक महत्वपूर्ण लाइफ स्किल है, जो किसी स्कूल में नहीं सिखाई जाती। इससे बच्चों को न सिर्फ तरह-तरह के प्रयोग करने का मौका मिलता है, कुछ नया बनाने पर सृजन-सुख भी मिलता है। जो बच्चे खुद कुछ, बनाना सीख जाते हैं, उन्हें हेल्दी फूड और नुकसानदायक खाद्य-पदार्थों के बीच अंतर आसानी से समझ में आ जाता है। उम्र के मुताबिक बच्चों का सब्जी, फल आदि काटकर सलाद बनाना, उनकी ड्रेसिंग करना, सैंडविच, जूस आदि बनाना सिखाएं। वे स्वयं भी कुकिंग करके एंज्वॉय करेंगे।

**न्यूजपेपर-मैगजीन से टास्क दें:** बच्चों को कोर्स की किताबों से इतर भी कुछ टास्क दें। पत्रिकाओं और अखबारों के कलरफुल सप्लीमेंट्स में छपी आकर्षक तस्वीरें काटकर उनके बारे में कुछ लिखने को कहें, साथ ही अपनी स्पेशल स्क्रैप बुक बनाने को कहें। नए शब्द और उनके अर्थ डायरी में लिखने और वाक्यों में उनका प्रयोग करना सिखाएं। रेखाचित्रों में कलर करने को कहें और अलग-अलग जगह छपे कुछ चित्रों में तालमेल बैठाकर उन पर छोटी-छोटी कहानियां या कविताएं लिखने का टास्क दें। यह काम उनकी क्रिएटिविटी को बढ़ाएगा।



**स्विमिंग सिखाएं:** गर्मी के मौसम में पानी में खेलना-कूदना बच्चों को खूब भाता है। समर वैकेशन अच्छा मौका है, जब वे मौज-मस्ती के साथ-साथ एक नई स्किल भी सीख लेंगे। स्विमिंग सिर्फ मनोरंजन का ही बेहतरीन साधन नहीं है, इससे बच्चों की एक्सरसाइज भी होगी और शारीरिक-मानसिक विकास भी होगा। यह एक लाइफ सेविंग स्किल भी है, जो मुसीबत के वक्त बच्चे के खूब काम आ सकती है। जरूरत पड़ने पर वह न सिर्फ खुद की बल्कि किसी दूसरे व्यक्ति की भी जान बचा सकता है।

**सिखाएं नई भाषा:** समर वैकेशन का सदुपयोग करने के लिए बच्चों को एक नई भाषा सिखाना एक अच्छा आइडिया है। कई वैज्ञानिक शोधों के नतीजे बता चुके हैं कि एक से अधिक भाषा जानने वाले बच्चों की बौद्धिक क्षमता दूसरे बच्चों की तुलना में कहीं अधिक होती है। सिर्फ यही नहीं, एक से ज्यादा भाषाओं का ज्ञान आगे चलकर बच्चे के करियर के लिए भी प्लस प्वॉइंट बन सकता है। जितनी अधिक भाषाओं का ज्ञान होगा, उसके ज्ञान का उतना ही विस्तार होगा और विदेश जाने की राह भी आसान होगी।

**कंप्यूटर पर वर्क करना सिखाएं:** आज की टेकसेवी दुनिया में बच्चे को कंप्यूटर का गहरा ज्ञान होना जरूरी है। गर्मी की छुट्टियों में बच्चे को कंप्यूटर पर हिंदी या अंग्रेजी टाइपिंग की प्रैक्टिस, फोटोशॉप, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस या इससे जुड़ी अन्य बारीकियां सिखाने के लिए किसी कोचिंग सेंटर भेजें। आपको यह सब आता हो तो आप खुद बच्चे को यह सब सिखाएं।

### ये भी हैं अच्छे ऑप्शन

- बच्चे को आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित करें।
- रोज एक्सरसाइज करने को कहें।
- मॉर्निंग या इवनिंग वॉक के लिए कहें।
- गार्डनिंग के काम में बच्चों की मदद लें, उन्हें विभिन्न फूलों, पत्तियों और वनस्पतियों की जानकारी दें।

हेयर स्टाइल

नैंसी गुप्ता


## बहुत ईजी हैं ये हेयर स्टाइल
## कम समय में पाएं परफेक्ट लुक

गर्मी के मौसम में बालों को संभालना आसान नहीं होता है। पसीना, धूल और उमस के कारण बाल चिपचिपे हो जाते हैं और उन्हें स्टाइल करना मुश्किल लगने लगता है। खासकर जब समय कम हो, तब जल्दी और आसान हेयर स्टाइल की जरूरत और भी बढ़ जाती है। ऐसे में कुछ स्मार्ट-सिंपल हेयर स्टाइल्स अपनाकर आप कम समय में भी परफेक्ट लुक पा सकती हैं।

**सिंपल लो पोनीटेल:** अगर आपके पास समय कम है, तो यह लो पोनीटेल सबसे आसानी से बनने वाला क्लासी हेयर स्टाइल है। इसे बनाने में कुछ मिनट लगते हैं और यह आपको एक साफ-सुथरा लुक देता है। आप इसमें हल्का सा ट्विस्ट या पफ जोड़कर अपने ओवरऑल लुक को और स्टाइलिश बना सकती हैं।



**साइड ब्रेड हेयर स्टाइल:** अगर आप कुछ अलग हेयर स्टाइल ट्राय करना चाहती हैं, तो साइड ब्रेड एक अच्छा विकल्प है। इसे बनाना आसान है और यह आपके लुक में एलिगेंस जोड़ता है। गर्मियों में यह बालों को उलझने से भी बचाता है।




**हाफ पोनीटेल:** हाफ पोनीटेल, उन महिलाओं के लिए बेहतरीन है, जो बालों को पूरी तरह बांधना नहीं चाहती हैं। इसमें आधे बालों को बांधकर बाकी को खुला रखा जाता है। खास बात यह है कि यह हेयर स्टाइल कुछ ही मिनटों में तैयार हो जाता है और आपको फ्रेश लुक देता है।

**क्लॉ क्लिप स्टाइल:** बालों में क्लॉ क्लिप का इस्तेमाल आजकल काफी ट्रेंड में है। बालों को ट्विस्ट करके क्लॉ क्लिप से सेट करना एक मिनट का काम है और यह आपको स्टाइलिश लुक देता है। यह खासकर ऑफिस ड्रेसअप के साथ या कैजुअल आउटिंग के लिए परफेक्ट लगता है।

**स्कार्फ के साथ फंकी स्टाइल:** गर्मियों में स्कार्फ का इस्तेमाल स्टाइल बढ़ाने के लिए भी किया जा सकता है। आप पोनीटेल या बन के साथ स्कार्फ जोड़कर अपने लुक को और आकर्षक बना सकती हैं।

**मैसी बन:** मैसी बन, गर्मियों के लिए परफेक्ट हेयर स्टाइल माना जाता है। इसे बनाने में ज्यादा मेहनत नहीं लगती और यह देखने में भी काफी ट्रेंडी लगता है। यह स्टाइल बालों को गर्दन से दूर रखता है, जिससे आपको गर्मी में राहत मिलती है।



**ब्रेडेड बन:** अगर आप थोड़ा स्टाइलिश और फॉर्मल लुक चाहती हैं, तो ब्रेडेड बन ट्राय कर सकती हैं। इसमें पहले चोटी बनाकर उसे जूड़े में बदल दिया जाता है। यह स्टाइल लंबे समय तक टिकता है।

**(हेयर एक्सपर्ट नक्ष वर्मा से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन

निकिता चौहान

वैसे तो हर मौसम में फिजिकल हाइजीन के प्रति अवेयर रहना जरूरी है। लेकिन समर सीजन में इसके प्रति और भी अवेयर रहना चाहिए। इस सीजन में कैसे रखें हाइजीन का ध्यान, जानिए।

## समर सीजन में ऐसे रखें हाइजीन का ध्यान

गर्मी का मौसम अपने साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं लेकर आता है, खासकर महिलाओं के लिए। अधिक तापमान, पसीना, नमी और बैक्टीरिया की वृद्धि के कारण त्वचा और निजी स्वच्छता से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में अपनी दैनिक दिनचर्या में कुछ जरूरी बदलाव करके समर हाइजीन का विशेष ध्यान रखना चाहिए, ताकि आप स्वस्थ-सुरक्षित रह सकें।

**करें प्रॉपर क्लीनिंग:** गर्मी के मौसम में पसीना आने से सभी परेशान रहते हैं। इससे शरीर के संवेदनशील हिस्सों (इंटरनल ज्वाइंट्स और हमेशा कवर्ड रहने वाले एरिया) में बैक्टीरिया और फंगल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए दिन में एक या दो बार स्नान करना जरूरी हो जाता है। खासकर जननांग क्षेत्र (इंटिमेट एरिया) की सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस क्षेत्र को साफ और सूखा रखना बहुत जरूरी है। अत्यधिक केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से बचें और माइल्ड, पीएच-बैलेंस्ड क्लीनर का उपयोग करें।

**कॉटन फैब्रिक ड्रेसेस:** सही ड्रेस का चयन भी समर हाइजीन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गर्मी में कॉटन फैब्रिक वाले लूज ड्रेसेस पहनना बेहतर होता है, क्योंकि ये स्किन को सांस लेने देते हैं और पसीने को सोख लेते हैं। सिंथेटिक फैब्रिक वाले टाइट ड्रेसेस पहनने से पसीना जमा होता है, जिससे खुजली, रैशेज और संक्रमण हो सकता है।





**पीरियड्स टाइम हाइजीन:** इस मौसम में पीरियड्स के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना और भी जरूरी हो जाता है। सेनेटरी पैड्स या टैंपोन को हर 4-6 घंटे में बदलना चाहिए। मेंस्ट्रुअल कप का उपयोग भी सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प हो सकता है, बशर्ते उसकी सही तरीके से सफाई की जाए।

**हाइड्रेशन-डाइट:** शरीर की आंतरिक सफाई के लिए हाइड्रेशन और डाइट भी काफी महत्वपूर्ण है। अधिक पानी पीना शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है और स्किन को हेल्दी बनाए रखता है। इसके लिए नारियल पानी, छाछ और ताजे फलों का सेवन करें। तला-भुना और अत्यधिक मसालेदार भोजन कम खाएं, क्योंकि यह शरीर में गर्मी बढ़ा सकता है।

**यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन:** गर्मी के मौसम में ध्यान ना देने पर महिलाओं में यूटीआई का होना भी कॉमन समस्या है। इसे रोकने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, यूरिन को लंबे समय तक रोककर न रखें और टॉयलेट जाने के बाद सफाई का सही तरीका अपनाएं। यदि जलन, दर्द या बार-बार यूरिन आने जैसी समस्या हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**फंगल इंफेक्शन:** पसीने के कारण फंगल इंफेक्शन, घमौरियां और एलर्जी हो सकती हैं। जिन अंगों के आस-पास पसीना ज्यादा होता है, उस जगह को सूखा रखें और जरूरत पड़ने पर एंटी-फंगल पावडर या क्रीम का इस्तेमाल करें। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवा न लें।

समर सीजन हाइजीन प्रिकॉशंस को नजरअंदाज करने से आगे चलकर कई समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए यहां बताई गई स्वच्छता आदतों को जरूर अपनाएं।

**(सीनियर ऑब्स्टेट्रिशियन और गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. मनन गुप्ता, दिल्ली से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### शहर के सभी वार्डों में भी लगाए जाएंगे योग शिविर

**हिसार।** योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज की प्रेरणा से 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट द्वारा चलाया जा रहा योग जन-जागरण अभियान निरंतर गति पकड़ता जा रहा है। सेक्टर-15 सिटीजन पार्क में आयोजित योग विज्ञान शिविर के सफल समापन के उपरांत अब शहरवासियों के लिए एक और विशाल योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति जिला के प्रवक्ता सुरेंद्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि पतंजलि योग समिति द्वारा 20 मई से 24 मई तक डायनासौर पार्क सेक्टर-4 में निःशुल्क योग विज्ञान शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साधकों की प्रेरणादायी सहभागिता को देखते हुए अब शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार मेगा योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व 10 बड़े योग शिविर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### आरडीएम स्कूल के बच्चों का वॉटर पार्क में स्वागत

**उकलाना।** आर.डी.एम. सरस्वती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का वार्षिक वाटर पार्क टूर इस बार उत्साह, उमंग और मनोरंजन से भरपूर रहा। ड्रीम वॉटर पार्क पहुंचने पर बच्चों का ढोल-नगाड़ों की गूंज और संगीत के साथ भव्य स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। टूर का शुभारंभ विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया गया। रेन वाटर रूम के नीचे म्यूजिक की धुन पर थिरकते बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए शिक्षकगण एवं लाइफ गार्ड पूरी सतर्कता के साथ मौजूद रहे। विद्यालय निदेशक डॉ. केसी शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं मनोरंजक टूर बच्चों के शारीरिक विकास, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

### ग्रीष्मकालीन शिविर एक जून से

**हांसी।** जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा बच्चों की रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में बच्चों को विभिन्न रचनात्मक एवं कौशल आधारित गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि इस शिविर के अंतर्गत डांस, मेहंदी, संगीत, सिलाई-कढ़ाई, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा ड्राइंग पेंटिंग जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों मे आत्मविश्वास बढाना, उनकी रचनात्मक क्षमता को विकसित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है।

### दाल प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन 2026-27 के अंतर्गत जिले में दाल प्रसंस्करण इकाई/दाल मिल स्थापित करने के लिए इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कृषि विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य दलहनी फसलों में कटाई उपरांत नुकसान कम करना, मूल्य संवर्धन बढ़ाना तथा किसानों की आय में वृद्धि करना है। योजना के अंतर्गत प्रोजेक्ट लागत का 33 प्रतिशत अनुदान प्रति इकाई प्रदान किया जाएगा। इच्छुक एफपीओ, एफपीसी, सहकारी समितियां, निजी उद्यमी, प्रगतिशील किसान एवं अन्य पात्र व्यक्ति/संस्थाएं दाल मिल स्थापित करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### बच्चों को निपुण बनाना पहला लक्ष्य

**नारनौंद।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सोमवार को खंड स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन इकाई की मासिक बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी जोगेंद्र मलिक व खंड बुनियादी साक्षरता समन्वयक सुमित्रा ने की। बैठक में जिला नोडल अधिकारी प्रमोद मोर भी विशेष रूप से पहुंचे।

---

### नीट पेपर लीक और महंगाई ने युवाओं व आमजन को निराश किया : बृजलाल

# पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि व नीट पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**आम जनता पर महंगाई का बोझ डालने का काम कर रही केंद्र व प्रदेश सरकार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते कांग्रेसजन। फोटो : हरिभूमि

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल एवं डीजल की बढ़ी हुई कीमतों तथा नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण को लेकर सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में शामिल नीट परीक्षा का पेपर लीक होना देश के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी पर बृजलाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने एक बार फिर आम जनता पर महंगाई का बोझ डालने का काम किया है। पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर परिवहन, कृषि, उद्योग तथा रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं पर पड़ता है। इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना, पूर्व मंत्री अंतर सिंह सैनी, टैक्स एंड ट्रिब्यूनल सदस्य हरपाल सिंह बूरा, पूर्व प्रत्याशी भूपेंद्र गंगवा, दिलबाग सिंह ढांडा, कमल सहरावत, गीता आहूजा, संतोष जून, सुखबीर सिंह डूडी, ताज मोहमद, हरफूल खान भट्टी, बलराज मलिक, सुखबीर नागर आदि मौजूद थे।



हिसार। बैठक में आंदोलन की रणनीति तय करते ट्रांसपोर्ट संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का चक्का जाम 21 से

**हिसार।** ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सभरवाल के नेतृत्व में सोमवार को यहां स्थित द ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिवहन व्यवसायियों, ट्रांसपोर्ट यूनियनों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें 21, 22 एवं 23 मई को प्रस्तावित चक्का जाम कार्यक्रम को पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया। बैठक में वक्ताओं ने परिवहन उद्योग पर थोपे जा रहे कथित अन्यायपूर्ण नियमों और नीतियों के खिलाफ गहरी नाराजगी व्यक्त की। बैठक में एआईएमटीसी के पूर्व अध्यक्ष कुलतारन सिंह अटवाल, अजीत सिंह ओबेरॉय, गुंजीत सिंह सांघा, मोहन सिंह, मनु अरोड़ा, अमरीक सिंह, सुखबीर सिंह, मदन लाल डावर, सुमेर अम्बावत, सुरेंद्र लाकड़ा, हिसार यूनियन की ओर से प्रधान सरदार कुलवंत सिंह, उपप्रधान सुरेश न्याणा, महासचिव सचिन जांगड़ा, मीडिया प्रभारी कुलदीप सिहाग सहित अनेक स्थानीय ट्रांसपोर्ट संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य भी बैठक में मौजूद रहे।

---

## न्यूज डायरी



### हाईकोर्ट का फैसला जनहित में : डॉ. गुप्ता

**हिसार।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने मध्यप्रदेश के धार स्थित भोजशाला बारे उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत करते हुए उन्होंने इसे करोड़ों देशवासियों की आस्था और सनातन संस्कृति की विजय बताया है। उन्होंने कहा कि भोजशाला केवल एक इमारत नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत, आस्था और ऐतिहासिक पहचान का प्रतीक है। डॉ. कमल गुप्ता सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में शहरवासियों की समस्याएं सुनने उपरांत बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय का यह फैसला सत्य, इतिहास और श्रद्धा के पक्ष में आया एक महत्वपूर्ण निर्णय है, जिससे करोड़ों लोगों की भावनाओं को सम्मान मिला है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भी भोजशाला मामले में आए फैसले का स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूपवाला, रामचंद्र गुप्ता, सुरेंद्र सैनी, दीपक अग्रवाल, प्रोमिला पूनिया, राजेंद्र सपड़ा, प्रवीण कुमार नारंग, बलबीर भुंबक आदि उपस्थित रहे।



### आरोही मॉडल स्कूल के छात्रों को किया सम्मानित

**नारनौंद।** आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी लोहचब का इस वर्ष हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की काफी छात्रों ने अनेक विषयों में 100 में से 100 अंक लेकर इतिहास रचने का काम किया। इसी को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी जोगिंद्र सिंह मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल का परिणाम काफी सराहनीय आया है इसके लिए छात्रों और अध्यापकों की मेहनत की झलक इस परिणाम में देखी जा सकती है। भविष्य में भी इसी मेहनत के साथ अपने काम में जुट जाए। स्कूल में 12वीं कक्षा में कुल 68 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 25 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट सूची में स्थान बनाया। 12वीं कक्षा में तनु रानी ने 469 अंक प्राप्त कर पहला, विनीत ने 465 अंक लेकर दूसरा तथा रितिका ने 459 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य उपासना दुहन, कृष्ण, राजेश कुमारी, अरुण लोहान, अप्पू सहारण, सपना, निधि, शालू, पूनम, विकास, नीलम आदि मौजूद थे।



### शोध के क्षेत्र में आधुनिक डेटा आवश्यक : प्रो. बिश्नोई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि वर्तमान समय में शोध के क्षेत्र में आधुनिक डेटा एनालिसिस तकनीकों का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। आधुनिक डेटा एनालिसिस तकनीकों का ज्ञान विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित रोजगार दिलवा सकता है। इस क्षेत्र में रोजगार के साथ-साथ शोध की भी अपार संभावनाएं हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) में 'डेटा एनालिसिस यूजिंग स्मार्ट पीएलएस, स्टाटा, आर एंड ग्रेटल' विषय पर शुरू हुई पांच दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर एचएसबी के निदेशक प्रो. संजीव कुमार, डीन प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, कार्यशाला की समन्वयक प्रो. सुनीता रानी व सह-समन्वयक अभिषेक पूनिया भी मंच पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने सम्बोधन में कहा कि आधुनिक डेटा एनालिसिस तकनीकों के ज्ञान के लिए यह आवश्यक है कि इनके कौशल में गुणवत्ता होनी चाहिए। साथ ही विश्व स्तरीय मापदंडों के अनुरूप इन तकनीकों का विकास व प्रयोग किया जाना चाहिए। गुजवि इस दिशा में बेहतरीन प्रयास कर रही है। एचएसबी के निदेशक प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों और शोधार्थियों को प्रेक्टिकल नॉलेज प्रदान करती हैं, जिससे उन्हें अपने शोध कार्य में काफी सहायता मिलती है। कार्यशाला की समन्वयक प्रो. सुनीता रानी ने बताया कि यह कार्यशाला 22 मई तक चलेगी। इस कार्यशाला में हरियाणा राज्य के विश्वविद्यालयों से 120 पीएचडी शोधार्थी भाग ले रहे हैं।

### भारतीय ज्ञान परंपरा सर्वोपरि : प्रो. दयाल

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) के सौजन्य से 'उच्च शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा का एकीकरण' विषय पर यूजीसी प्रायोजित ऑनलाइन लघु अवधि कार्यक्रम शुरू हुआ। केटीयूजे एंड एमसी, रायपुर, छत्तीसगढ़ के कुलपति प्रो. मनोज दयाल कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रो. मनोज दयाल ने भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए इसे आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा कोई रूढ़िवादी प्राचीन मान्यताओं या धार्मिक कथाओं का संग्रह नहीं है। यह ज्ञान का एक जीवंत, सुव्यवस्थित और व्यावहारिक स्वरूप है। हमारे पूर्वजों ने हजारों वर्षों के शोध, परीक्षण और निरंतर सुधार के बाद इस ज्ञान व्यवस्था को खड़ा किया है। इसमें जीवन के हर पहलु विज्ञान-भौतिक और व्यावहारिक विज्ञान, ज्ञान-आध्यात्मिक और आत्मिक चेतना, कला-सांस्कृतिक और रचनात्मक अभिव्यक्तियों तथा नीति-शासन, समाज और प्रबंधन के नियम को समेटा गया है। एमएमटीटीसी की निदेशिका प्रो. सुनीता रानी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों का स्वागत किया।

---

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

- जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा : सतीश भैणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



नारनौंद। बीडीपीओ कार्यालय में धरने पर बैठे हुए सफाई कर्मचारी।

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर चौथे दिन की हड़ताल सोमवार को नारनौंद ब्लॉक में हुई। हड़ताल से सभी गावों में सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन कर चेतावनी दी कि अगर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन को ओर तेज किया जाएगा।

कर्मचारी नेताओं ने बताया कि हमारी मुख्य मांगें हैं कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को विधानसभा में एक्सग्रेसिया पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाए। गांव में चार सौ की जनसंख्या पर एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जाए। पहले भी मांगों को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जा चुका है लेकिन उसके बावजूद भी हमारी मांगे आज तक पूरी नहीं की गई। काफी बार सरकार के नेताओं के साथ भी इन मांगों को लेकर चर्चा हो चुकी है लेकिन सरकार की तरफ से आज तक कर्मचारियों को कोई सुविधा देने का काम नहीं किया गया। अब सभी कर्मचारी एकजुट होकर सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल बज चुके है। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान सतीश भैणी, राजपाल नाडा, नसीब, कृष्ण, टीजीसंजय मिर्चपुर, सुनीता, राजकली, बिमला, निर्मला, संतरा आदि ने संबोधित किया।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

**उकलाना।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन उकलाना, संबंधित सीटू के आह्वान पर राज्यव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए बीडीपीओ कार्यालय उकलाना के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता उकलाना खंड कमेटी के प्रधान पवन कुमार किनाला ने की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द समाधान की मांग उठाई। धरने को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के जिला प्रधान मियां सिंह बिठमड़ा तथा भवन निर्माण कामगार यूनियन सीटू के नेता रामकुमार जांगड़ा ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों का पुरजोर समर्थन किया।

### साइबर फ्रॉड से रहे सावधानः एसपी

**हांसी।** सोशल मीडिया पर बढ़ते गिफ्ट पार्सल साइबर फ्रॉड को लेकर हांसी पुलिस ने आमजन, विशेषकर युवाओं को सतर्क रहने की सलाह दी है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि साइबर ठग अब सोशल मीडिया के जरिए लोगों को दोस्ती के जाल में फंसाकर लाखों रुपये की ठगी कर रहे हैं। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि ठग खुद को विदेश में रहने वाला व्यक्ति बताकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हैं। कई युवक-युवतियां बिना जांच-पड़ताल किए इन रिक्वेस्ट को स्वीकार कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि बाद में ठग कस्टम ड्यूटी, पार्सल चार्ज, टैक्स या अन्य बहानों से बार-बार पैसे मांगते हैं। कई लोग शर्म या डर के कारण इसकी जानकारी परिवार या पुलिस को नहीं देते और लगातार ठगी का शिकार होते रहते हैं।

### सेना भर्ती कार्यालय ने कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तिथियां घोषित की

**हिसार।** भारतीय सेना में भर्ती के लिए आयोजित होने वाली कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) 2025-26 की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। सेना भर्ती कार्यालय, हिसार के भर्ती निदेशक ने बताया कि यह परीक्षा 1 जून से 12 जून के बीच देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 15 मई 2026 को भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindian-army.nic.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। उम्मीदवार अपने एडमिट कार्ड वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केंद्र से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी एडमिट कार्ड पर उपलब्ध कराई गई है। भर्ती निदेशक ने सभी उम्मीदवारों से अपील की है कि वे एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उनका पूर्ण रूप से पालन करें। परीक्षा के लिए रिपोर्टिंग टाइम तथा गेट बंद होने का समय भी एडमिट कार्ड पर स्पष्ट रूप से अंकित किया गया है, इसलिए अभ्यर्थी समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।



हांसी। कवयित्री खुशबू जैन को सम्मानित करते युवा साहित्य सदन, सिरसा की पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### अखिल भारतीय लघु कविता सम्मेलन में गूंजी साहित्य की स्वर लहरियां, बना मधुर संगम

**हांसी।** युवा साहित्य सदन, सिरसा में आयोजित अखिल भारतीय लघु कविता सम्मेलन 2026 साहित्य, संवेदना और सृजन का यादगार उत्सव बन गया। प्रदेशिक लघुकविता मंच, सिरसा द्वारा आयोजित सम्मेलन में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सम्मेलन में साहित्य और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान 80 साहित्यकारों को उनकी एकल लघु कविता पुस्तकों के लिए प्रेम प्रसार एवं प्रेम प्रसून लघु कविता सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हांसी की एकमात्र प्रतिनिधि कवयित्री खुशबू जैन को भी उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। उनकी एकल लघु कविता पुस्तक तरंगे प्रेम की, को साहित्य प्रेमियों और समीक्षकों द्वारा विशेष सराहना मिली।

### डीएचबीवीएन में इंजीनियर हरि दत्त बने चीफ इंजीनियर



हरि दत्त, चीफ इंजीनियर।

**हिसार।** हरियाणा सरकार के विशेष ऊर्जा सचिव एवं उत्तर एवं दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के निर्देशानुसार डीएचबीवीएन ने वरिष्ठ अधिकारी इंजीनियर हरि दत्त को चीफ इंजीनियर के पद पर पदोन्नत करने के आदेश जारी किए हैं। यह पदोन्नति डीएचबीवीएन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की स्वीकृति के बाद जारी की गई। निगम प्रवक्ता संजय चुघ ने सोमवार को बताया कि डीएचबीवीएन प्रशासन द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार इंजीनियर हरि दत्त, जो वर्तमान में सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे, को पे मैट्रिक्स लेवल-15 में चीफ इंजीनियर के पद पर पदोन्नत किया गया है। उन्हें 12 जून 2025 से पदोन्नति की डीम्ड डेट का लाभ भी प्रदान किया गया है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि यह पदोन्नति उस तिथि से प्रभावी मानी जाएगी, जिस दिन उनके जूनियर अधिकारी को चीफ इंजीनियर पद पर पदोन्नत किया गया था। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पदोन्नति के उपरांत उनकी तैनाती संबंधी आदेश अलग से जारी किए जाएंगे।

---

### लेन बदलने वाले 414 चालकों पर गिरी गाज

## पुलिस ने एक सप्ताह में एक हजार से अधिक वाहन चालकों पर की कार्रवाई

- यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला पुलिस द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिला पुलिस कार्यालय की डिस्ट्रिक्ट इंस्पेक्टर, ब्रांच और थाना ट्रैफिक शहर की संयुक्त टीम ने 9 से 15 मई तक यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। एक सप्ताह तक चले इस सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने विभिन्न श्रेणियों के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 1023 वाहन चालकों पर पुलिस कार्रवाई की गई।

इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा अलग-अलग चौकों और मुख्य मार्गों पर नाकेबंदी करके कार्रवाई की गई।

इस दौरान हुड़दंगियों और नियमों को ठेंगा दिखाने वालों पर विशेष नजर, अभियान के दौरान जहां लेन बदलने वाले 414 चालकों पर कार्रवाई की गई, वहीं बिना नंबर प्लेट के घूम रहे 268 वाहनों को भी पकड़ा गया। इसके अलावा, सड़कों पर स्टंट करने और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले 4 बुलेट चालकों और गाड़ियों के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाने वाले 12 लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की गई।

ट्रिपल राइडिंग के 208 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सड़क सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 96 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। सार्वजनिक स्थानों पर बैठकर शराब पीने वाले 21 व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।


---

### मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर डीसी ने ली बैठक

# बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का करेंगे सत्यापन

**22 सितंबर को प्रकाशित होगी अंतिम वोटर लिस्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। समीक्षा बैठक में उपस्थित डीसी महेंद्र पाल व संबंधित अधिकारी।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला हिसार में शुरू होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान को लेकर सोमवार को उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र पाल ने सातों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन पंजीयन अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद भी उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त ने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की अर्हता तिथि 1 जुलाई निर्धारित की गई है। अभियान के तहत जिले के 1333 मतदान केंद्रों पर नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ तय समयसीमा में संपन्न करवाई जाए।

उपायुक्त महेन्द्र पाल ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण 5 जून से 14 जून 2026 तक किया जाएगा, जबकि घर-घर सत्यापन कार्य 15 जून से 14 जुलाई तक चलेगा। इसके साथ ही मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन का कार्य भी 14 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। इसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तथा उनका निपटान 18 सितंबर तक किया जाएगा। इसके उपरांत अंतिम मतदाता सूची 22 सितंबर 2026 को प्रकाशित होगी।

बैठक में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम नागरिकों को अभियान के प्रति जागरूक किया जाए और बूथ लेवल अधिकारियों के सत्यापन के दौरान नागरिकों से जन्म प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र और आधार कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने का भी आग्रह किया, ताकि पुनरीक्षण प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से पूरी हो सके।

### जनगणना ड्यूटी से गैरहाजिर कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

**हिसार।** जिले में 1 मई से मकानों के सूचीकरण का कार्य चल रहा है, जो 30 मई तक चलेगा। उपायुक्त महेंद्र पाल ने सभी प्रगणकों को निर्देश दिए हैं कि वे तय समय सीमा के भीतर पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ डेटा एकत्रित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं है, बल्कि यह देश के भविष्य के विकास की आधारशिला है। इसी से जनहित की योजनाओं व कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाता है। जनगणना 2026 के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को लेकर उपायुक्त महेंद्र पाल ने स्पष्ट किया कि जनगणना ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले या कार्य में ढिलाई बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के अलावा अब एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है। कुछ कर्मचारी विभिन्न कारणों का हवाला देकर जनगणना ड्यूटी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। उपायुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी स्तर के अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जिला मॉडर्न पेंटाथलॉन चैंपियनशिप में 25 खिलाड़ियों का चयन

**हिसार।** कैमरी रोड स्थित मॉडर्न डिफेंस स्कूल में जिला मॉडर्न पेंटाथलॉन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें जिले भर से लगभग 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें लड़के एवं लड़कियां दोनों शामिल रहे। यह प्रतियोगिता अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 एवं सीनियर वर्ग में आयोजित की गई। हिसार जिला मॉडर्न पेंटाथलॉन संघ के प्रधान सचिन वर्मा एवं सचिव सन्नी वर्मा के अनुसार जिला प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिसके आधार पर 25 खिलाड़ियों का चयन हरियाणा राज्य स्तरीय मॉडर्न पेंटाथलॉन चैंपियनशिप के लिए किया गया है। चयनित खिलाड़ी 23 मई को हिसार में आयोजित होने वाली हरियाणा राज्य स्तरीय मॉडर्न पेंटाथलॉन चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

### गुजवि के भूगोल विभाग में लगा हेल्पडेस्क

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में नए सत्र के लिए एडमिशन हेल्पडेस्क शुरू कर दिया गया है। यहां विद्यार्थी 18 से 22 मई सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विशेषज्ञों से करियर, प्रवेश प्रक्रिया और विषय से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। विभाग द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से एडमिशन संबंधित जानकारी उपलब्ध करवाई गई है। विभाग के प्रभारी प्रो. राम सिंह बेनीवाल ने कहा कि भूगोल केवल नक्शों का अध्ययन नहीं, बल्कि मानव और पर्यावरण के संबंधों को समझने का वैज्ञानिक माध्यम है।

### योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**आदमपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर आदमपुर ब्लॉक के गांव चूली बागड़ियान की योग एवं व्यायामशाला में एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत योगासन, प्राणायाम ध्यान एवं योग के व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक पहलुओं का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस मौके पर सरपंच सोनू बेनीवाल, आयुष योग सहायक, राजवीर सिंह, विनोद कुमारी, संजय कुमार, सुनील, प्रदीप आदि मौजूद थे।

### महाप्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं को मिली नई जानकारी

**हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने हिसार में हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान-2026 को सफल बताते हुए कहा है कि इससे कार्यकर्ताओं को नई जानकारी मिली है। उन्होंने महाप्रशिक्षण अभियान की सफलता पर कार्यकर्ताओं व इसमें अतिथि के तौर पर पहुंचे वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि हिसार में दो दिन तक चले महाप्रशिक्षण अभियान-2026 के तहत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अलग-अलग सत्रों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं को केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं बारे जानकारी दी। इससे कार्यकर्ताओं को नई जानकारियां मिली।


डॉ. आशा खेदड़।

## तंग लोग पहुंचे डीसी के दरबार, दिए कार्रवाई के निर्देश

# शास्त्री नगर व गंगवा में सीवरेज समस्या


**हिसार।** समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते उपायुक्त महेंद्र पाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- डीसी ने समाधान शिविर में सुनी जनसमस्याएं

लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में सोमवार को उपायुक्त महेंद्र पाल ने आमजन की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। रेड स्क्वेयर मार्केट तथा दयानंद कॉलोनी में पूर्णिमा पार्क व शिव मंदिर के पास अवैध रूप से लगने वाली रेहड़ियों को हटवाने की मांग पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबंधित विभागों को आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव सरसाना निवासी रमेश कुमार द्वारा सोलर पम्प में आ रही समस्या को लेकर अपनी शिकायत रखी और कम्पनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या को लेकर उचित समाधान करने की हिदायत दी। शास्त्री नगर व गांव गंगवा में हो रहे सीवर ओवरफ्लो की शिकायत पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आगामी कार्यवाही करने को कहा। गांव सलेमगढ़ में मुख्य गली व गांव हरिता में जोहड़ से अवैध कब्जा हटवाने की मांग पर उपायुक्त ने पंचायत विभाग के अधिकारियों को पैमाइश उपरांत आगामी कार्रवाई करने को कहा।

### जल्द कार्रवाई के निर्देश

गांव पाबड़ा निवासी करण सिंह द्वारा कनोह वाला रोड़ पर पानी के नाले बंद हो जाने से घर में पानी आने की शिकायत पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द आगामी कार्रवाई ही करने के दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद, एसडीएम ज्योति मित्तल, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, डीडीपीओ नरेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


**हांसी।** समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते एसडीएम राजेश खोथ उनके साथ हैं तहसीलदार अनिल बिढान। *फोटो: हरिभूमि*

### समाधान शिविर में दिखी प्रशासन की संवेदनशीलता

- फुटबॉल किट से लेकर पानी-बिजली तक समस्याओं का मौके पर किया समाधान

**हांसी।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर सोमवार को आमजन के लिए राहत और भरोसे का मंच बनकर सामने आया। शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार बिढान और बीडीपीओ अशोक कुमार भी मौजूद रहे। शिविर में वकील कॉलोनी के निवासियों ने जल आपूर्ति पाइपलाइन में गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत की। इस पर एसडीएम ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तुरंत जांच कर स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके। शिविर का सबसे भावुक पल उस समय देखने को मिला जब शेखपुरा गांव निवासी कृष ने अपनी और अपनी बहन की निराश्रित पेंशन बनवाने के लिए आवेदन दिया। एसडीएम राजेश खोथ ने न केवल अधिकारियों को दोनों बच्चों की पेंशन जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए, बल्कि कृष से उसकी रुचि के बारे में भी बातचीत की। कृष द्वारा फुटबॉल खेलने का शौक बताने पर एसडीएम ने अधिकारियों को उसे फुटबॉल के जूते और खेल किट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। प्रशासन के इस संवेदनशील रवैये की उपस्थित लोगों ने सराहना की। शिविर में पुट्ठी मंगल खां गांव से पहुंचे ग्रामीणों ने जलघर के टैंकों को भरने के लिए पर्याप्त बिजली आपूर्ति की मांग उठाई।


**हिसार।** भाजपा नेता भव्य बिश्नोई को ज्ञापन देते सरपंच कुलदीप ज्यानि व अन्य पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

## भव्य बिश्नोई ने धरनास्थल पर पहुंचकर दिया समर्थन

- क्षेत्रवासियों की समस्या का करवाएंगे समाधान : भव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

आदमपुर के पूर्व विधायक एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई ने आदमपुर जवाहर नगर में रेल विभाग से रास्ता देने की मांग पर एक सप्ताह से चल रहे धरने पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। उन्होंने संघर्ष समिति के पदाधिकारी व सदस्यों की बात सुनीं तथा सदस्यों ने उन्हें रेलवे विभाग द्वारा बनाई जा रही दीवार व रास्ता बंद होने से होने वाली परेशानी से अवगत कराया।

भव्य बिश्नोई ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी तथा रेलवे विभाग व जिला प्रशासन के सामने आपकी समस्याएं रखकर समाधान करवाया जाएगा।

इस अवसर पर जिला पार्षद वीर सिंह राहड़, नवनिर्वाचित सरपंच कुलदीप ज्यानी, सुभाष धांधल नीलम, रामबक्स पोपली, डॉ. मैनपाल बेनीवाल, संदीप गोयल, कमलेश मल्होत्रा आदि मौजूद रहें।

उधर, जवाहर नगर संघर्ष समिति एवं अन्य सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से आदमपुर रेलवे स्टेशन पर आने जाने के लिए जवाहर नगर की साइड में मुख्य गलियों से रास्ता देने की मांग की है। संगठनों ने यह ज्ञापन रेलवे स्टेशन अधीक्षक बनवारी लाल सैनी के माध्यम से उत्तर पश्चिम रेलवे प्रबंधक को भेजा है।

## नृत्य में जानकी व केशवी प्रथम रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

'सबरंग कला संस्कृति संस्था' की ओर से हरिकोट में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक माहौल से सजे इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों से दसवीं कक्षा तक के प्रतिभाशाली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी अद्भुत नृत्य प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के आयोजन में सुरभि आर्ट्स फिल्म सिटी की भी विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

संस्था के डायरेक्टर संजय कायत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से लगभग 60 बाल कलाकारों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग (कक्षा पहली से सातवीं) में जानकी ने प्रथम, दीक्षांत ने द्वितीय तथा नव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वैभव एवं पूर्णिमा को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सीनियर वर्ग (कक्षा आठवीं से दसवीं) में केशवी ने प्रथम, भूमिका ने द्वितीय तथा हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सिया एवं तमन्ना को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नेहरू युवा केन्द्र के पूर्व निदेशक नरेंद्र यादव, अंतरराष्ट्रीय कोरियोग्राफर राजरानी मल्हान, सुरभि आर्ट्स फिल्म सिटी के डायरेक्टर सुनील माकड़ एवं प्रसिद्ध फिल्म कलाकार शिव गंगा उपस्थित रहे।


**हिसार।** विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*

## ग्रामीण पाइपलाइन कार्य रुकवाकर मांगों पर अड़े

- बिजली-पानी की मांग को लेकर धरने पर बैठे चानौत में धरना तीसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

बरवाला रोड स्थित गांव चानौत में बिजली और पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों का धरना सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। गांववासियों ने हांसी शहर को पेयजल सप्लाई के बिछाई जा रही पाइपलाइन की खुदाई का कार्य रुकवाया हुआ है और अपनी मांगों को लेकर धरनास्थल पर डटे हुए हैं। ग्रामीणों द्वारा दिए जा रहे धरने पर बैठे ग्रामीणों के साथ बातचीत के लिए सोमवार को एसडीएम राजेश खोथ, बिजली विभाग एवं जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन, एसडीओ और जेई मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ करीब एक घंटे तक बातचीत कर समाधान निकालने व समझाने का प्रयास किया, लेकिन एक घंटे तक वार्ता बेनतीजा रही।


**हांसी।** धरनास्थल पर बैठे ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीएम राजेश खोथ एवं अन्य अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### विधायक पर पक्षपात का आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि गांव लंबे समय से पानी और बिजली की भारी समस्या से जूझ रहा है, लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विधायक विनोद भयाना गांव के साथ पक्षपात कर रहे हैं।

### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

धरनास्थल पर बैठे महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक उनके गांव को पर्याप्त पानी और बिजली नहीं मिलेगी, तब तक इस पाइपलाइन का कार्य शुरू नहीं करने दिया जाएगा और आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर ग्लोबल ह्यूमन राइट्स की एशिया अध्यक्षा विशाखा चौधरी ने कहा कि यह लड़ाई गांव के हक और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक ग्रामीणों की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक धरना जारी रहेगा।

## राजीव बने भारत स्वाभिमान ट्रस्ट हांसी के प्रभारी


**हांसी।** पतंजलि योग समिति हांसी की जिला स्तरीय एक महत्वपूर्ण बैठक आर्य समाज मंदिर में हांसी जिला संघर्ष समिति के संस्थापक महंत सागर नाथ के सान्निध्य एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट हरिद्वार के हरियाणा राज्य प्रभारी ईश आर्य की अध्यक्षता में में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत ईश आर्य के उद्बोधन से हुई। बैठक में पतंजलि योग समिति का जिला स्तरीय विस्तार व गठन किया गया। हांसी जिले के प्रकल्पों के लिए राजीव कुमार को भारत स्वाभिमान ट्रस्ट हांसी का जिला प्रभारी, अशोक को पतंजलि योग समिति हांसी का जिला प्रभारी, हरपाल दांगी को युवा भारत स्वाभिमान हांसी का जिला प्रभारी, वेद प्रकाश आर्य को किसान सेवा समिति हांसी का जिला प्रभारी, जोगेन्द्र ग्रोवर को कोषाध्यक्ष, विजेन्द्र को हांसी जिला का सोशल मीडिया प्रभारी और संरक्षक व मार्गदर्शक के रूप में महंत सागर नाथ, प्यारे लाल सैनी, जिले सिंह सैनी, सूरत सिंह, रामकुमार लाम्बा, फतेह सिंह गुर्जर को नियुक्त किया गया।

## कराटे में चमके श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल के खिलाड़ी



- 35 पदक जीतकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**हांसी।** 9वीं अंतर स्कूल कराटे प्रतियोगिता में श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 35 पदक जीत ट्रॉफी अपने नाम की। 14 मई को आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के कराटे चैंपियंस ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 35 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण, 16 रजत और 11 कांस्य पदक हासिल कर ऐतिहासिक सफलता दर्ज की। विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार ने सोमवार को विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया और कोच अजय सैनी की मेहनत व मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। विद्यालय अध्यक्ष राजपाल यादव, सचिव सत्यवान यादव, मुख्याध्यापिका पिंकी यादव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## निया ने इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में जीता गोल्ड



**हिसार।** तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में शहीद सतपाल सिंह कराटे एकेडमी का शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। इस दो दिवसीय चैंपियनशिप में देश-विदेश की टीमों सहित लगभग 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में रोहतक की छोरी निया खटक ने गोल्ड मैडल जीत कर अपने कोच और माता पिता का नाम रोशन किया। निया ने 6 वर्ष और माइनस 20 किग्रा वर्ग की प्रतियोगिता में अपनी सफलता का परचम लहराया है और अपनी एकेडमी के लिए गोल्ड मेडल जीता है। निया के कोच दिनेश ने बताया कि निया की टक्कर कांटे की थी लेकिन उसने अंतिम क्षण गोल्ड मैडल पर कब्जा कर लिया। इस प्रतियोगिता में अन्य खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु एवं वजन वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए समर्थ, गर्व, उज्जवल गोल्ड, वैदिक, अंश, अंशुमन अभिमन्यु ने सिल्वर और शाश्वत, यश, दिव्यांशी व आदित्य ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए।

## अमर ज्योति स्कूल की एकता का रहा प्रदेश में 9वां स्थान


**हांसी।** परिणाम उत्सव समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल संचालक दिनेश शर्मा व स्कूल प्राचार्या सरिता शर्मा।

**हांसी।** अमर ज्योति सीनियर सैकेंडरी स्कूल मेहन्दा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसमें 50 विद्यार्थियों में से 23 विद्यार्थियों ने बोर्ड मैरिट में स्थान प्राप्त किया। 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल की छात्रा एकता ने 491 अंक प्राप्त कर प्रदेश में नौंवा स्थान व क्षेत्र में पहला स्थान प्राप्त किया। प्राची ने 485, अंशिका व साक्षी 482 व दिव्या ने 477 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रदेश में नौंवा स्थान आने की खुशी में प्रभात फेरी निकाली गई। स्कूल संचालक दिनेश शर्मा ने बताया कि नर्सरी से इस स्कूल में पढ़ रही है और ये हर कक्षा में अव्वल रहती थी। हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के प्रधान रविन्द्र अत्री ने कहा कि इस स्कूल का परीक्षा परिणाम हमेशा ही शानदार रहता है। संदीप सांपला ने बताया कि हांसी प्राइवेट स्कूल संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में हरियाणा बोर्ड से सम्बन्धित स्कूलों में यह स्कूल टॉप स्थान पर रहा था।

## लक्ष्य पब्लिक स्कूल, धांसू ने रचा इतिहास

**हिसार।** लक्ष्य पब्लिक स्कूल, धान्सू इस वर्ष भी 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणाम रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंकों के साथ अपने क्षेत्र में सफलता का परचम लहराया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। स्कूल के डायरेक्टर रामनिवास वर्मा ने बताया कि अंजलि 494 अंकों के साथ 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए पहले स्थान पर रही और जानवी 95.8 प्रतिशत व मुस्कान 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। इसी प्रकार स्नेहा ने 95.4 प्रतिशत अंक लेते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। मंतीशा ने 94.8 प्रतिशत अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया व पांचवें स्थान पर किरण व छठे स्थान पर माही रही।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## बस में मिला मोबाइल लौटा युवती ने दिया ईमानदारी का परिचय


**हांसी।** बस में मिले मोबाइल को असल मालिक को लौटाती युवती।

**हांसी।** पुलिस की सतर्कता और एक युवती ने ईमानदारी का सराहनीय उदाहरण सामने आया है, जहां युवती ने बस में मिला मोबाइल पुलिस की मौजूदगी में उसके वास्तविक मालिक को वापस सौंप दिया गया। इस घटना ने समाज में ईमानदारी और सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया है। जानकारी के अनुसार जींद रोड़ नाका पर एक बाबा जी पहुंचे और उन्होंने अपना मोबाइल फोन गुम होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही वहां तैनात मुख्य सिपाही सज्जन कुमार ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। फोन उठाने वाली युवती ने अपनी पहचान डिंपल निवासी अमरहेड़ी के रूप में बताई।

## साहित्यकार जयभगवान सम्मानित


**हिसार।** साहित्यकार जयभगवान सैनी को प्रेम-प्रसून लघु कविता सम्मान से अलंकृत करते अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अखिल भारतीय लघु कविता सम्मेलन में वरिष्ठ साहित्यकार जयभगवान सैनी को लघु कविता के विकास एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रेम-प्रसून लघु कविता सम्मान से अलंकृति किया गया। हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन, सिरसा द्वारा संचालित हरियाणा प्रादेशिक लघु कविता मंच के तत्वावधान एवं डॉ. सुरेंद्र वर्मा की स्मृति में युवक साहित्य सदन में आयोजित इस कार्यक्रम में जयभगवान सैनी को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिह्न व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुरेंद्र वर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. रूप देवगुण ने लघुकविता की यात्रा पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। विशेष बात यह रही कि इस दौरान 80 साहित्यकारों की साहित्यिक कृतियों का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच के प्रधान प्रो. रूप देवगुण, उपप्रधान डॉ. शील कौशिक, सचिव हरीश सेठी झिलमिल व सह सचिव डॉ. आरती बंसल सहित काफी संख्या में साहित्यकार मौजूद रहे।

सार्वजनिक सूचना
Waste Segregation
''एक कदम स्वच्छता की ओर''
गीला कचरा सूखा कचरा अलग-अलग करके दें, स्वच्छता की और बढ़े
आप सभी नगरवासियों से निवेदन है कि गीला कचरा हरे रंग के डस्टबिन मे डालें व सूखा कचरा नीले रंग के डस्टबिन में डालें व समय पर सफाई मित्र वाहन को देना सुनिश्चित करें।


गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग करके ही कूड़ेदान में डाले अपने आस-पास सफाई बनाएं और अपने कूड़े को बार खुले में मत डालें।
नगर परिषद नरवाना को साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाएं रखने में हमारा सहयोग करें
नगर पालिका सिवानी
सौजन्य से
मैसर्ज द स्काईलाइन को-ऑप एल एंड सी सोसाइटी लिमिटेड, रोहतक
हेल्पलाइन नंबर 9350757787